(e) how much oil has been refined at the Nagapettinam refinery dur ing the last three years, year-wise;

(f) whether any crude oil is being transported from Cauvery basin to Madras for refining, if so, the details thereof;

(g) whether there is any proposal to increase the capacity of the refi nery at Nagapatinanam; and

(h) if the answer to part (g) above be in the negative, what are the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE OP THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (CAPTAIN SATISH SHARMA): (a) Small quantities of crude oil and natural gas have been produced at various locations in Cauvery basin since 1985-86. The cummulative production upto February 1994 has been about 1.49 million tonnes of crude oil and about 3.3 MMm of natural gas.

(b) The geological reserves hav« not been fully assessed so far.

(c) Production from Kuthaoallui is yet to commence.

(d) and (e) The crude distillation unit at Nagapattinam which has a capacity of 0.5 MMTPA commenced operations in November 1993.

(f) About 138 thousand tonnes was supplied to MRL, Madras after July 1993.

(g) and (h) Presently there is no such proposal pending with the Government.

इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश में इंडेन बाटलिंग प्लांट का कार्यकरण

2932. श्रीमती कमला सिन्हा : क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद और वाराणसी स्थित इंडेन के विभिन्न बाटलिंग प्लांट ठीक ढंग से कार्य कर रहे हैं ;

(ख) यदि हां, तो इन प्लांटों से रिसने वाले सिलेंडर को बड़ी संख्या के सप्लाई करने के क्या कारण हैं ; और

(ग) एल०पी०जी० गोदामों से इलाहाबाद और वाराणसी के प्लांटों को वापस किये गये ऐसे सिलेंडरों की संख्या कितनी है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) से (ग) डिस्ट्रीब्यूटरों की आपूर्ति करने से पूर्व एल०पी०जी० सिलेंडरों की भराई संयंत्रों पर यह सुनिश्चित करने के लिये जांच की जाती है कि उनसे रिसाव तो नहीं हो रहा है । तथापि इसके बाद परिवहन के दौरान या विभिन्न चरणों में सिलेंडरों के संभाल के समय रिसाव हो सकता है । अप्रैल, 1993 से दिसम्बर, 1993 की अवधि के दौरान इलाहाबाद तथा वाराणसी भराई संयंत्रों पर वापस किये गये सिलंडरों की संख्या क्रमशः 2992 तथा 1818 थी ।

दिल्ली में मिट्टी के तेल की नई खुदरा बिक्री दुकानों का खोला जाना और खाना पकाने की गैस के नये डीलरों की नियुक्ति

2933. श्रीमती कमला सिन्हा : क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली में ऐसे कितने स्थान हैं जहां मिट्टी के तेल की खुदरा बिक्री दुकानों के लिये डीलरों की नियुक्ति करने तथा खाना पकाने की गैस की खुदरा बिक्री की दुकानों के लिये वितरकों की नियुक्ति किये जाने का प्रस्ताव है और इनमें से कौन-कौन से स्थान अनुसूचित जातियों के लिये आरक्षित हैं; और